औरंगाबाद प्रखंड कार्यालय परिसर में हो रहा है निर्माण, डीएम और अन्य अधिकारियों ने किया निरीक्षण

जल्द बन कर तैयार होगा वीवीपैट संधारण भवन

औरंगाबाद | हिन्दुस्तान प्रतिनिधि

औरंगाबाद में वीवीपैट मशीन को रखने के लिए जून से गोदाम उपलब्ध हो जाएगा। डीएम सौरव जोरवाल ने निर्माण स्थल का निरीक्षण किया और कई निर्देश दिए। यह भवन तीन तल्ला है जिसका निर्माण लगभग चार करोड़ 99 लाख रुपए की लागत से कराया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार इसमें शौचालय सहित फर्स्ट लेवल चेकिंग के लिए अलग से हॉल रखा गया है। औरंगाबाद प्रखंड कार्यालय परिसर में इसका निर्माण हो रहा है। डीएम ने निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया गया।

इस भवन का निर्माण का लगभग एक साल से हो रहा है। उप निर्वाचन पदाधिकारी जावेद इकबाल ने बताया कि पूर्व से ईवीएम का गोदाम उपलब्ध है जबकि वीवीपैट के लिए भवन बनाया जा रहा है। भवन निर्माण विभाग के अधिकारियों ने जून तक भवन हैंडओवर कर देने का आश्वासन दिया है। भवन उपलब्ध होने से काफी सहूलियत होगी। विधानसभा चुनाव को देखते हुए अब कार्यों में तेजी लाई जा रही है। संवेदक को जल्द से जल्द काम पूरा करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि यह तीन तल्ला भाव होगा जिसमें सभी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। पूर्व से जो ईवीएम गोदाम बना हुआ है उसके रंग रोगन का कार्य चल रहा है। वह कार्य भी जल्द ही पूरा हो जाएगा।

सुविधा

- वीवीपैट मशीन को रखने के लिए जून से गोदाम तैयार हो जाएगा
- डीएम ने निर्माण कार्य में तेजी का दिया निर्देश

04 करोड़ 99 लाख की लागत से कराया जा भवन का निर्माण

निर्माण स्थल का निरीक्षण करते डीएम और डीडीसी।
• हिन्दुस्तान

छात्रों को निर्वाचन की जानकारी देना आवश्यक : दाउदनगर। दाउदनगर अनुमंडल कार्यालय सभागार मे सोमवार को निर्वाचन पदाधिकारी बीरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में ओबरा विधानसभा क्षेत्र संख्या 220 और गोह विधानसभा क्षेत्र सं 219 के मध्य विद्यालय एंव उच्च विद्यालय के शिक्षकों, प्रधानाध्यापको के साथ बैठक कर निर्वाचन प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने शिक्षको से कहा कि निर्वाचन के बारे में हर छात्र छात्राओं को जानकारी होनी चाहिए। 14 वर्ष से लेकर 21 वर्ष तक के छात्र-छात्राओं को निर्वाचन के बारे में निर्वाचन क्या है ? निर्वाचन क्या होता है ? निर्वाचन से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर हर महीना में दो से तीन क्लास कराना अनिवार्य है। भविष्य में जो भी छात्र-छात्राएं होंगे वह चुनाव की प्रक्रिया को समझेंगे तथा अपना मत का प्रयोग करेंगे। निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि समय-समय पर निर्वाचन पदाधिकारी भी क्लास लेकर छात्र-छात्राओं को निर्वाचन के बारे में जानकारी देंगे।

साथ ही दाउदनगर अनुमंडल के दोनों विधानसभा क्षेत्रों के सभी मध्य विद्यालय, हाईस्कूल तथा इंटरमीडियट के प्रधानाध्यापक को निर्देश दिया गया है कि किसी भी परिस्थिति में निर्वाचन की क्लास होनी चाहिए।

स्मार्ट क्लास तथा रेगुलर क्लास तो चलती ही है। इस अवसर पर बालिका इंटर विद्यालय के प्रधानाध्यापक डा. सत्येन्द्र कुमार राय, जमुवाव उच्च विद्यालव के प्रधानाध्यापक डा. मधेश्वर प्रसाद सिंह, उत्क्रमित मध्य विद्यालय अहियापुर के प्रधानाध्यापक कमलेश कुमार सिंह, रामनरेश सिंह, रामनारायण सिंह आदि उपस्थित थे।